| |
|---|
| दिनांक 31.08.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 33/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद हापुड़/थाना पिलखुवा**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 30.08.2023 को रात्रि थाना पिलखुवा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर धौलाना कट के पास पुरस्कार घोषित अभियुक्त मो0 सरफराज उर्फ भसड उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली बागपत पर पंजीकृत अभियोग धारा 307 भादवि में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट आदि के एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0 सरफराज उर्फ भसड उर्फ सोनू निवासी पुर बालियान थाना मंसूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर हालपता– गली नं0–5 कबीर नगर थाना वेलकम जनपद उत्तर पूर्वी , दिल्ली।

**बरामदगी**

1–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना बीटा–2**

- **पुलिस कार्यवाही में 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉक:30.08.2023 को थाना बीटा–2 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गोल चक्कर से परी चौक की तरफ जाने वाले सर्विस रोड पर पुलिस कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त राजकुमार घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना बीटा–2 पर पंजीकृत अभियोग धारा 395/412/482/120बी भादवि में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु कमिश्नरेट स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, दिल्ली प्रान्त के विभिन्न थानों पर लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बीटा–2 पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजकुमार निवासी शम्भू कालोनी मांडी पहाडी थाना फतेहपुर बेरी दक्षिण दिल्ली हालपता–रिहान रेजीडेंसी ई ब्लाक वार्ड नं0–03 नियर मछली पार्क महरौली, दिल्ली।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद सम्भल/थाना असमोली

- **10 हजार रूपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 31.08.2023 को थाना असमोली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चन्दवारा तिराहा से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–असद सहित अभियुक्त 2–फैसल 3–तन्जील को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना असमोली पर पंजीकृत अभियोग धारा 379/411/413 भादवि में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त असद के विरूद्ध जनपद सम्भल, अमरोहा, मुरादाबाद, दिल्ली प्रान्त के विभिन्न थानों पर लूट, डकैती, चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना असमोली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–असद निवासी ग्राम अकबरपुर गहरा थाना असमोली जनपद सम्भल।

2–फैसल निवासी ग्राम राया बुजुर्ग थाना असमोली जनपद सम्भल।

3–तन्जील निवासी ग्राम राया बुजुर्ग थाना असमोली जनपद सम्भल।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 10 मोटर साइकिल।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## <u>जनपद बदायूं/थाना कोतवाली</u>

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **घटना का अनावरण**
- **12 हजार 300 रूपये नगद**
- **04 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 31.08.2023 को थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 04 अभियुक्तों 1–शंकर 2–शोभित 3–शहनवाज 4–सन्नी उर्फ अशोक को गिरफ्तार कर डकैती की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 12 हजार 300 रूपये नगद, 04 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 16.08.2023 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शंकर निवासी मोहनपुर थाना काठ जनपद शाहजहॉपुर हालपता–बग्गा कालोनी थाना सुभाषनगर जनपद बरेली।

2–शोभित निवासी मोहल्ला गंगानगर थाना सुभाषनगर जनपद बरेली।

3–शहनवाज निवासी मोहल्ला मछली बाजार थाना कोतवाली जनपद बदायूं हालपता–मोहल्ला नकटिया थाना कैंट जनपद बरेली।

4–सन्नी उर्फ अशोक निवासी अमन नगर गली नं0–4 थाना सलेम टाबरी जनपद लुधियाना, पंजाब।

**बरामदगी**

1–12 हजार 300 रूपये नगद।

2–04 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस।

## जनपद इटावा/थाना फ्रेण्ड्स कालोनी

- **09 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 08 लाख रूपये कीमत की चोरी के 12 एलईडी टीवी बरामद**

दिनॉकः 30/31.08.2023 को थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पुलिस टीम द्वारा भिन्न–भिन्न स्थानों से 09 अभियुक्तों 1–दीपक 2–अमित 3–ज्ञानेन्द्र 4–भूर 5–राघवेन्द्र 6–मो0 नशीम 7–अब्दुल रशीद 8–सौरभ 9–राजकुमार उर्फ पिन्टू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 08 लाख रूपये कीमत की चोरी के 12 एलईडी टीवी बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना फ्रेण्ड्स कालोनी क्षेत्रान्तर्गत चोरों द्वारा सी0एस0डी0 कैन्टीन से एलईडी टीवी चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद टीवी उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दीपक निवासी न्यू बस्ती, बंशी गौराह थाना कोतवाली मैनपुरी जनपद मैनपुरी।

2–अमित निवासी पचावली थाना फ्रेण्ड्स कालोनी जनपद इटावा।

3–ज्ञानेन्द्र निवासी कोकपुरा शाला पचावली रोड थाना फ्रेण्ड्स कालोनी जनपद इटावा।

4–भूरे निवासी पचावली रोड थाना फ्रेण्ड्स कालोनी जनपद इटावा।

5–राघवेन्द्र निवासी कसौवा थाना बढपुरा जनपद इटावा।

6–मो0 नशीम निवासी कटरा पुरदल खान थाना कोतवाली जनपद इटावा।

7–अब्दुल रशीद निवासी कटरा पुरदल खान थाना कोतवाली जनपद इटावा।

8–सौरभ निवासी अल्कापुरी थाना फ्रेण्ड्स कालोनी जनपद इटावा।

9–राजकुमार उर्फ पिन्टू निवासी कटरा साहब खॉ थाना कोतवाली जनपद इटावा।

**बरामदगी**

1–लगभग 08 लाख रूपये कीमत की चोरी के 12 एलईडी टीवी।

**जनपद हापुड़/थाना हापुड़ नगर**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल**
- **चोरी की 01 ई–रिक्शा**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल के चेचिस**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 31.08.2023 को थाना हापुड़ नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोर्चरी कट मोदी नगर रोड से 03 अभियुक्तों 1–आसिफ 2–चांद 3–राहत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 मोटर साइकिल, 01 ई–रिक्शा, 05 मोटर साइकिल के चेचिस व 01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–आसिफ  निवासी मोहल्ला गौली गढ़ गेट थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।

2–चांद निवासी नूरनगर थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ।

3–राहत निवासी रसीदनगर गली नं0–02 थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 05 मोटर साइकिल।

2–चोरी की 01 ई–रिक्शा।

3–चोरी की 05 मोटर साइकिल के चेचिस।

4–01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस आदि।

————